प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 22 मई, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज इस्कॉन, राँची द्वारा दरबार राँची बैंक्वेट हॉल, राँची में आयोजित 'श्री हरे कृष्ण उत्सव' में सम्मिलित हुए तथा कीर्तन श्रवण किया।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने कहा कि इस्कॉन से उनका गहरा जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि बरेली, उत्तर प्रदेश में भी संस्था द्वारा समाजहित में अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड में भी संस्था द्वारा आध्यात्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था राज्य के जनजातीय समाज के लोगों को भी अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास करे तथा उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य करे।